राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से मुख्यमंत्री की मुलाकात

जयपुर, 25 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को दोपहर में यहां राजभवन में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से मुख्यमंत्री श्री गहलोत की यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल श्री मिश्र और मुख्यमंत्री श्री गहलोत की राज्य की उच्च शिक्षा में किये जा रहे नवाचार सहित राज्य से सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। राज्यपाल श्री मिश्र व मुख्यमंत्री श्री गहलोत की यह मुलाकात पचास मिनिट तक चली।

राजभवन में मनाया जायेगा संविधान दिवस

जयपुर, 25 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की अध्यक्षता में राजभवन में मंगलवार को प्रातः 11 बजे 70वां संविधान दिवस समारोहपूर्वक मनाया जायेगा। राज्यपाल श्री मिश्र के समक्ष 70 लोगों द्वारा भारतीय संविधान की उदेशिका और मौलिक कर्तव्यों का वाचन किया जायेगा।

राज्यपाल श्री मिश्र मंगलवार को सांय 5 बजे नारायण सिंह सर्किल स्थित इन्द्रलोक सभागार में अधिवक्ता परिषद् द्वारा आयोजित संविधान दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। राज्यपाल श्री मिश्र समारोह में राष्ट्रीय एकता एवं भारतीय संविधान वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विषय पर समारोह को संबोधित करेंगे।

राज्यपाल की संवेदना

जयपुर, 25 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री कैलाश जोशी के निधन पर संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल श्री मिश्र ने अपने शोक संदेश में कहा है कि स्व. श्री जोशी एक जमीन से जुड़े नेता थे। जो सदैव जनता के हितों के लिए प्रयासरत रहे। मध्यप्रदेश में संगठन विस्तार में उनकी अहम भूमिका रही। स्व. श्री जोशी मृदुभाषी, सरल, सहज, व्यक्तित्व के धनी थे। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

शहादत को सलाम

जयपुर, 25 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा में शहीद हुए बाड़मेर के बाछड़ाऊ गांव के श्री पीराराम थोरी की शहादत को सलाम किया है। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल